आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 04.02.2026 समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश सरकार ने उपनल कर्मियों को समान कार्य के बदले समान वेतन प्रदान किए जाने का शासनादेश जारी किया।
- केंद्र सरकार ने कहा– भारत और अमरीका के बीच हुआ व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए लाभकारी है। इससे मछुआरों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमियों तथा युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।
- उधम सिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण ने शिकायत निवारण प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए एआई आधारित वेबसाइट का शुभारंभ किया।
- हरिद्वार में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ, कार्यक्रम 14 अप्रैल तक चलेगा।

शासनादेश

प्रदेश सरकार ने उपनल कर्मियों को दस वर्ष की सेवा पूरी करने पर समान कार्य के बदले समान वेतन प्रदान किए जाने का शासनादेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर लिए गए इस निर्णय को उपनल कर्मियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इससे हजारों कर्मियों का भविष्य सुरक्षित होने के साथ ही विभागीय कार्य दक्षता में सुधार की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कार्मिक हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और प्रदेश से जुड़े हर जटिल मुद्दे का समाधान किया जाएगा।

व्यापार समझौता

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमरीका के बीच ऐतिहासिक और दूरदर्शी व्यापार समझौता हुआ है जिसमें भारत के राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते से वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति मजबूत होगी। नई दिल्ली में आज श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारत ने मजबूती से अपना पक्ष रखकर एक ऐसे समझौते को अंतिम रूप दिया जो तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के आत्मविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जटिल बातचीत और उच्च पारस्परिक टैरिफ जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत ने निष्पक्ष और संतुलित बाजार पहुंच सुनिश्चित करते हुए अपने प्रमुख हितों की सफलतापूर्वक रक्षा की।

एआई तकनीक का इस्तेमाल

उधम सिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण ने शिकायत निवारण प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वेबसाइट लॉन्च की है। जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन ने बताया कि इस पहल से आम जनता को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

इस वेबसाइट के माध्यम से नागरिक अब डिजिटल रूप से अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत दर्ज होते ही एआई प्रणाली कुछ ही मिनटों में शिकायतकर्ता को एक यूनिक आईडी उपलब्ध कराएगी, जिसके माध्यम से शिकायत की ऑनलाइन ट्रैकिंग भी की जा सकेगी।

उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित यह नई व्यवस्था शिकायतों को मात्र 90 सेकंड के भीतर संबंधित विभाग और अधिकारी तक पहुंचा देगी। अधिकारियों के अनुसार यह प्रणाली पांच मिनट में लगभग 10 हजार लोगों तक जानकारी पहुंचाने में सक्षम है, जिससे भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा।

संपूर्णता अभियान 2.0

आकांक्षी जिला और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत हरिद्वार के रोशनाबाद में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने कहा कि विकसित राष्ट्र के विजन को साकार करने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि क्षेत्रों में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट–

यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा।

इस अभियान का उद्देश्य देशभर के आकांक्षी जिलों में 5 तथा आकांक्षी ब्लॉकों में 6 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों का शत–प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत देश के 112 आकांक्षी जिलों और 513 आकांक्षी ब्लॉकों में चयनित संकेतकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

आकांक्षी जिला हरिद्वार और आकांक्षी ब्लॉक बहादराबाद में अभियान के तहत छह प्रमुख संकेतकों को संतृप्त किया जाना है। इनमें आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों द्वारा नियमित पूरक पोषण ग्रहण करने का प्रतिशत, आंगनवाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों की माप दक्षता, कार्यात्मक शौचालय तथा पेयजल सुविधा वाले संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों का प्रतिशत, स्कूलों में बालिकाओं के लिए पर्याप्त शौचालय सुविधा, तथा गोवंश में एफएमडी टीकाकरण का प्रतिशत शामिल है।

'तहसील दिवस'

प्रदेश के अधिकांश जिलों में कल तहसील दिवस मनाया गया। इसी क्रम में टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी में भी 'तहसील दिवस' का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याएँ तथा विकास संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि अधिकांश प्रस्ताव सफाई व्यवस्था, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाओं से संबंधित थे। उन्होंने कहा कि बहुत सी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि बाकी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है ताकि उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा।

**सुर सम्राट स्व गोपाल बाबू गोस्वामी**

उत्तराखंड के सुर सम्राट के नाम से विख्यात प्रसिद्ध लोक गायक स्वर्गीय गोपाल बाबू गोस्वामी की 85वीं जयंती अल्मोड़ा में धूमधाम से मनाई गई।

रैमजे इंटर कॉलेज में कल उनके जन्मदिन के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रमों में विभिन्न सांस्कृतिक दलों और लोक गायकों ने गोपाल बाबू गोस्वामी के लोकप्रिय गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। उनके गीत आज भी प्रासंगिक और जीवंत हैं तथा उत्तराखंड की लोक संस्कृति में गहरी छाप छोड़ते हैं।

कार्यक्रम आयोजक आशीर्वाद गोस्वामी ने कहा कि बाबू गोस्वामी के जन्म दिवस पर यादगार कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, ताकि उनकी कला और सुमधुर गीतों को जन–जन तक पहुंचाया जा सके।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

भारत अमेरिका व्यापार समझौते को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठि पर प्रकाशित किया है। करार का कृषि पर असर नहीं– इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान लिखता है– अमेरिका के साथ व्यापार समझौता दोनों के लिए फायदेमंद।

देहरादून के कालसी में बस दुर्घटना पर अमर उजाला की सुर्खी है– बस खाई में गिरी, तीन की मौत, 33 घायल।

अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण पर दैनिक जागरण लिखता है– एक छतरी के नीए आए अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान, उत्तराखंड सरकार ने गठित किया 12 सदस्यीय अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण।